Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

प्रमुख नदी	**सहायक नदी**
चंबल	वापणी
लूनी	बांडी
माही	अनास
बनास	मानसी

751. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

नदी		**सहायक**
(a) माही	-	जाखम
(b) लूनी	-	सूकड़ी
(c) बनास	-	मेज
(d) चंबल	-	पार्वती

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (c) : सही सुमेलन है

नदी		**सहायक नदी**
(a) माही	-	जाखम
(b) लूनी	-	सूकड़ी
(c) बनास	-	बेड़च एवं खारी
(d) चंबल	-	पार्वती

752. गोड़वाड़ प्रदेश को यह भी कहा जाताहै

(a) लूनी-जवाई बेसिन (b) घग्घर का मैदान
(c) चम्बल बेसिन (d) काली सिंध बेसिन

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (a) : गोड़वाड़ प्रदेश को लूनी-जवाई बेसिन भी कहा जाता है। लूनी बेसिन में- बाड़मेर, जालौर, जोधपुर, नागौर क्षेत्र सम्मिलित है। बेसिन का अपवाह लूनी नदी और उसकी सहायक नदियों बांडी, जवाई, सागी द्वारा किया जाता है।

753. राजस्थान में लूनी-जवाई बेसिन को अन्य किसी नाम से जाना जाता है?

(a) बांगर प्रदेश (b) गोडवार प्रदेश
(c) शेखावाटी प्रदेश (d) मृत नदी प्रदेश

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

754. राजस्थान की निम्न नदियों पर विचार कीजिए–

(A) माही (B) चम्बल
(C) साबरमती (D) लूनी

अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ हैं–

(a) (A) और (B) (b) (A), (B) और (C)
(c) (A), (B) और (D) (d) (A), (C) और (D)

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (d) : जल प्रवाह के आधार पर राजस्थान की नदियों को 3 प्रमुख वर्गों में विभाजित किया गया है–

1. अरब सागर की ओर प्रवाहित नदियाँ–लूनी, माही, जाखम, पश्चिमी बनास, साबरमती, सोम, एराव आदि नदियाँ
2. बंगाल की खाड़ी में प्रवाहित नदियाँ–चंबल, बनास, कोठारी, काली सिंध, पार्वती, बाणगंगा, मानसी आदि नदियाँ
3. आन्तरिक जल प्रवाह वाली नदियाँ–घग्घर, काकनी, मेंथा, कांतली, रूपारेल, सरस्वती आदि नदियाँ

755. 'पाँचना बाँध' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) भरतपुर (b) अलवर
(c) करौली (d) धौलपुर

लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (c) पाँचना बाँध-करौली जिले के गुड़ला गाँव के समीप पाँच नदियों (बरखेड़ा, भद्रावती, माची, भैसावट, आट) के संगम पर बाँध बनाया गया है। इस बाँध से जोधपुर, सुमेरपुर और पाली शहर को पेयजल आपूर्ति तथा पाली व जालौर जिलों में सिंचाई होती है।

756. अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से राजस्थान की नदी प्रणालियों का सही अवरोही क्रम है-

(a) बनास, चम्बल, माही, लूनी
(b) बनास, चम्बल, लूनी, माही
(c) चम्बल, लूनी, बनास, माही
(d) चम्बल, लूनी, माही, बनास

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (*) इस प्रश्न को निरस्त कर दिया गया है।
नदियों का अपवाह क्षेत्र–
बनास –45833 वर्ग किमी
लूनी –37363 वर्ग किमी
चम्बल –31360 वर्ग किमी
माही –16985 वर्ग किमी

757. निम्नांकित में से कौन सी नदी बंगाल की खाड़ी के अपवाह तंत्र में सम्मिलित नहीं है?

(a) पार्वती नदी (b) परवन नदी
(c) सीप नदी (d) अनास नदी

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) अनास नदी म.प्र. के आम्बेर गांव के निकट विंध्याचल की पहाड़ियों से निकलती है। यह राजस्थान के बांसवाड़ा के मेलेडिखेड़ा गांव के पास राजस्थान में प्रवेश करती है व डूँगरपुर में गलियाकोट के निकट माही में मिल जाती है। हरण इसकी सहायक नदी है।

758. निम्नलिखित में से कौन सी नदी राजस्थान नहर के लिए जल का स्रोत है?

(a) गंगा (b) सतलज
(c) यमुना (d) घग्गर

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (b) राजस्थान नहर या इंदिरा गांधी नहर के लिए जल का स्रोत सतलज और व्यास नदियाँ हैं। इस नहर की उत्पत्ति सतलज और व्यास के संगम पर पंजाब में स्थित हरिके बैराज से होती है। यह नहर राजस्थान में हनुमानगढ़ में प्रवेश करती है।

759. राजस्थान के 13 नदी बेसिनों में कुल सतही जल की सम्भाव्यता कितनी है-

(a) 08.42 मिलियन एकड़ फुट
(b) 11.29 मिलियन एकड़ फुट
(c) 15.86 मिलियन एकड़ फुट
(d) 14.51 मिलियन एकड़ फुट

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (c) राजस्थान के 13 नदी बेसिनों में कुल सतही जल की सम्भाव्यता 15.86 मिलियन एकड़ फुट है।